प्रश्न-पुस्तिका क्रम संख्या /Question Booklet No.

5211669

**2424**

# HINDI

**Series**

**A**

A

परीक्षार्थी अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write Roll No. in the given boxes. →

अनुक्रमांक
Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : **20**

कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : **150**

समय/Time : **3 घण्टे/Hours**

पूर्णांक/Total Marks : **600**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस प्रश्न-पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें, कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो। यदि ऐसा है, तो वीक्षक से तत्काल सम्पर्क कर प्रश्न-पुस्तिका बदल लेवें।
2. इस प्रश्न-पुस्तिका में **हिन्दी** से संबंधित कुल **150** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रदत्त उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें।
4. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्यत्र स्थानों पर नहीं।
5. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. Immediately after the commencement of the examination, you should check that this Question Booklet does not have any unprinted or torn or missing pages or items etc. If so, immediately contact the Invigilator and get it replaced with another Question Booklet.
2. This Question Booklet contains total **150** questions of **Hindi**. **All** questions are compulsory.
3. Read carefully the instructions given on the Answer Sheet (OMR Sheet) supplied and indicate your answers accordingly.
4. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) at the places indicated and nowhere else.
5. Examinee should do all rough work on the space meant for rough work on pages given at the end of the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).

1. 'म्हारो नाम बाल्या हे' किस कवि की रचना है ?

(A) इसुरी

(B) मदनमोहन व्यास

(C) आनंदराव दुबे

(D) श्रीनिवास जोशी

2. किस कवि को उनके काव्य संग्रह 'विन्ध्य केर माटी' ने पहचान दिलाई ?

(A) बैजनाथ पाण्डेय 'बैजू'

(B) शिवशंकर मिश्र 'सरस'

(C) बाबूलाल दाहिया

(D) गोमती प्रसाद 'विकल'

3. लोककथा की दृष्टि से 'उदयन' की कथा का संबंध है :

(A) मालवा

(B) निमाड़

(C) बुन्देलखण्ड

(D) बघेलखण्ड

4. किस जनजातीय क्षेत्र में 'लछिमन-जती' का कथानक प्रचलित है ?

(A) मालवा

(B) निमाड़

(C) बुन्देलखण्ड

(D) बघेलखण्ड

5. सर जॉर्ज ग्रियर्सन ने निमाड़ी को माना है :

(A) दक्षिणी राजस्थानी

(B) बघेली

(C) ढूढ़ाणी

(D) सोरठी

6. 'विन्ध्य कोकिल' की उपाधि से विभूषित किया गया है :

(A) कृष्णानंद व्यास

(B) भैयालाल व्यास

(C) शंकरलाल शुक्ल

(D) माधव शुक्ल

7. वर्तमान में 'चौमासा' पत्रिका के प्रधान संपादक हैं :

(A) अशोक मिश्र

(B) विकास दवे

(C) डॉ. धर्मेन्द्र पारे

(D) जवाहर कर्नावट

8. आदिवासियों को नृत्य में कतार बनाने की प्रेरणा मिली :

(A) कौआ पक्षी से

(B) कोयल पक्षी से

(C) कुरूल पक्षी से

(D) कबूतर पक्षी से

9. निम्नलिखित लोकनाट्य को संबंधित क्षेत्र से सुमेलित कीजिए :

| | लोकनाट्य | | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| (i) | खोइया | 1. | मालवा |
| (ii) | माच | 2. | बघेलखण्ड |
| (iii) | ठोठ्या | 3. | बुन्देलखण्ड |
| (iv) | छाहुर | 4. | निमाड़ |

(A) (i)-2, (ii)-1, (iii)-3, (iv)-4

(B) (i)-3, (ii)-1, (iii)-4, (iv)-2

(C) (i)-3, (ii)-4, (iii)-2, (iv)-1

(D) (i)-1, (ii)-3, (iii)-2, (iv)-4

10. 'आदिवासी लोककला अकादमी' का स्थापना वर्ष है :

(A) 1975 ई.

(B) 1980 ई.

(C) 1985 ई.

(D) 1990 ई.

11. किस अनुच्छेद के तहत अनुसूचित जनजातियों के साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव को वर्जित माना गया है ?

(A) अनुच्छेद 46(1) के द्वारा

(B) अनुच्छेद 23(2) के द्वारा

(C) अनुच्छेद 15(1) के द्वारा

(D) अनुच्छेद 16(3) के द्वारा

12. किस भक्त कवि ने स्वयं को जानकी जी की सखी मान कर काव्य रचना की ?

(A) तुलसीदास
(B) अग्रदास
(C) ईश्वर दास
(D) नाभादास

13. 'माधवानल-कामकन्दला' किस भाषा में लिखा गया ?

(A) ब्रज
(B) अवधी
(C) राजस्थानी
(D) अपभ्रंश

14. 'झरि लागै महलिया गगन गहराय
खन गरजै, खन बिजुली चमकै,
लहरि उठै शोभा बरनि न जाय।'
उक्त पंक्तियाँ किस संत की हैं ?

(A) कबीर
(B) दादू
(C) रैदास
(D) धर्मदास

15. "इन कृष्णोपासक वैष्णव कवियों ने जीवन के प्रति अंनुराग जगाया, या कम-से-कम जीने की चाह बनी रहने दी।" उक्त कथन किस आलोचक का है ?

(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(C) डॉ. नन्द दुलारे वाजपेयी
(D) रामविलास शर्मा

16. इनके कहे कौन डहकावै ऐसी कौन अजानी ? पंक्ति में 'डहकावै' शब्द का क्या आशय है ?

(A) समझकर
(B) कहने पर
(C) ठगाए
(D) चतुराई

17. भक्तिकाव्य को 'भारतीय परम्परा का अपना स्वत: स्फूर्त विकास' मानने वाले आलोचक हैं :

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) डॉ. रामविलास शर्मा
(D) डॉ. रामकुमार वर्मा

18. रामस्वरूप चतुर्वेदी के मतानुसार 'सूर सागर' किस कोटि का काव्य है ?

(A) खण्ड काव्य
(B) मुक्तक काव्य
(C) महाकाव्य
(D) उन्मुक्त प्रबंध

19. 'इसमें कोई संदेह नहीं कि कबीर ने ठीक मौके पर जनता के उस बड़े भाग को सँभाला जो नाथपंथियों के प्रभाव से शून्य और शुष्क पड़ता जा रहा था।' यह विचार किस विद्वान का है ?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(B) धर्मवीर भारती
(C) शिवकुमार मिश्र
(D) मुक्तिबोध

20. घन घमंड नभ गरजत घोरा,
प्रिया हीन डरपत मन मोरा।
ये पंक्तियाँ रामचरित मानस के किस काण्ड में हैं ?

(A) किष्किन्धा काण्ड
(B) उत्तर काण्ड
(C) लंका काण्ड
(D) अयोध्या काण्ड

21. तुलसीदास जी की दृष्टि में निर्गुण संतों की बानी में एक पक्ष जो अछूता लगा वह है :

(A) लोकधर्म
(B) ज्ञानतत्त्व
(C) प्रेमतत्त्व
(D) साधनातत्त्व

22. हिन्दी टंकण से अनभिज्ञ अधिकारी, रोमन स्क्रिप्ट का उपयोग करते हुए किस की-बोर्ड की सहायता से हिन्दी में आसानी से टंकण कर सकते हैं ?

(A) लीला की-बोर्ड

(B) फोनेटिक की-बोर्ड

(C) इंस्क्रिप्ट की-बोर्ड

(D) रेमिंग्टन की-बोर्ड

23. निम्नलिखित में से किसकी सहायता से प्रशासनिक, वित्तीय, सूचना प्रौद्योगिकी तथा शिक्षा क्षेत्र में अंग्रेज़ी के परिपत्रों, आदेशों, कार्यालय ज्ञापनों आदि का हिन्दी अनुवाद कर सकते हैं ?

(A) श्रुतलेखन राजभाषा

(B) मंत्र राजभाषा

(C) ई-महाशब्दकोश

(D) यूनिकोड एनकोडिंग

24. मानक हिन्दी के अनुसार ***असत्य*** कथन है :

(A) अनुस्वार और अनुनासिक वर्ण सामान्य वर्ण से पहले आएँगे।

(B) विसर्ग वाले शब्द स्वर के बाद आएँगे।

(C) 'ऑ' वाला शब्द 'आ' के पहले आएगा।

(D) ट, ठ, ड आदि के संयुक्ताक्षर हल चिह्न लगाकर ही बनाएँ।

25. कंप्यूटर पर हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला की-बोर्ड विकल्प ***नहीं*** है :

(A) रेमिंग्टन

(B) इंस्क्रिप्ट

(C) फोनेटिक

(D) यूनिकोड कम्प्लाएन्ट

26. वर्तमान में कौन-सा वर्ण हिन्दी में प्रचलित है, जो अपभ्रंश में ***नहीं*** था ?

(A) ड़

(B) अ

(C) ई

(D) ऊ

27. वर्तमान हिन्दी में अंग्रेज़ी से गृहीत स्वन है :

(A) क़

(B) ज़

(C) आँ

(D) ऑ

28. मानक हिन्दी के अनुसार पंचमाक्षर का सही प्रयोग होगा :

(A) कञ्जूस

(B) कण्ठ

(C) ठंडा

(D) गङ्गा

29. 'भारतीय अंकों का अन्तर्राष्ट्रीय रूप अनुच्छेद में स्वीकार किया गया है :

(A) अनुच्छेद – 343(1)

(B) अनुच्छेद – 344(1)

(C) अनुच्छेद – 346

(D) अनुच्छेद – 347

30. जो भाषा देश के प्रशासनिक, वैधानिक कार्यों में प्रयुक्त होती है, कहलाती है :

(A) साहित्यिक भाषा

(B) राष्ट्रभाषा

(C) राजभाषा

(D) मातृभाषा

31. "मेरी ममता ही वहाँ नीति थी, मर्यादा थी।"
'अन्धा युग' से उद्धृत यह कथन किस पात्र का है ?
(A) गान्धारी
(B) अश्वत्थामा
(C) धृतराष्ट्र
(D) संजय

32. "प्रसाद जी आधुनिक हिन्दी में वास्तववाद, वस्तुतंत्र के भी प्रवर्तक हैं।" यह किस आलोचक का मत है ?
(A) नंद दुलारे वाजपेयी
(B) डॉ. नामवर सिंह
(C) मुक्तिबोध
(D) डॉ. नगेन्द्र

33. "कविता में खड़ी बोली के समर्थक थे और गद्य में खड़ी बोली के प्रयोग के हिन्दूवादी भी थे और हिन्दू-मुस्लिम एकता के समर्थक भी।" भारतेन्दु हरिश्चंद्र के संबंध में यह कथन किस आलोचक का है ?
(A) रामविलास शर्मा
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) बच्चन सिंह
(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

34. भारतेन्दु लिखित 'अंधेर नगरी' नाटक के निम्नलिखित दृश्यों के स्थान का सही क्रम है :
(A) जंगल, अरण्य, श्मशान, राजसभा
(B) जंगल, श्मशान, अरण्य, राजसभा
(C) जंगल, राजसभा, अरण्य, श्मशान
(D) जंगल, अरण्य, राजसभा, श्मशान

35. 'एक लम्बी कविता का अन्त' निबंध में उद्धृत निम्नलिखित कथन किसका है ?
"भारत की एकमात्र आशा उसकी जनता है। उच्चतर वर्ग दैहिक और नैतिक रूप से मृतवत् हो गये हैं।"
(A) स्वामी विवेकानंद
(B) रोम्यां रोला
(C) मुक्तिबोध
(D) महात्मा गाँधी

36. चंद्रगुप्त नाटक से संबंधित पात्र-परिचय को सुमेलित कीजिए :

| | पात्र | | परिचय |
|---|---|---|---|
| (i) | वररुचि | 1. | शकटार की कन्या |
| (ii) | मालविका | 2. | सिन्धु देश की राजकुमारी |
| (iii) | सुवासिनी | 3. | मगध का अमात्य |
| (iv) | फिलिप्स | 4. | सिकंदर का क्षत्रप |

(A) (i)-3, (ii)-2, (iii)-1, (iv)-4
(B) (i)-4, (ii)-1, (iii)-2, (iv)-3
(C) (i)-2, (ii)-1, (iii)-4, (iv)-3
(D) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4

37. "नारी का आकर्षण पुरुष को पुरुष बनाता है, तो उसका अपकर्षण उसे गौतम बुद्ध बना देता है।" यह कथन किन दो पात्रों के बीच का संवाद है ?
(A) सुन्दरी – नीहारिका
(B) सुन्दरी – नंद
(C) सुन्दरी – अलका
(D) अलका – नीहारिका

38. अनुक्रम की दृष्टि से 'अरे यायावर रहेगा याद' यात्रावृत्तांत के अध्यायों का व्यवस्थित क्रम है :
(A) परशुराम से तूरखम, किरणों की खोज में, देवताओं के अंचल में, एलुरा।
(B) परशुराम से तूरखम, देवताओं के अंचल में, किरणों की खोज में, एलुरा।
(C) परशुराम से तूरखम, एलुरा, किरणों की खोज में, देवताओं के अंचल में।
(D) परशुराम से तूरखम, किरणों की खोज में, एलुरा, देवताओं के अंचल में।

39. "उनकी दृष्टि में वही रहता है जो उनके हृदय में है और हृदय में वही रहता है जो वचन में है।" 'पथ के साथी' संस्मरणात्मक रेखाचित्र में प्रयुक्त यह कथन किससे संबंधित है ?
(A) रवीन्द्रनाथ ठाकुर
(B) मैथिलीशरण गुप्त
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

40. वह भाषा जो देश की भावात्मक एकता में सहायक होती है, कहलाती है :

(A) माध्यम भाषा

(B) राष्ट्रभाषा

(C) परिनिष्ठित भाषा

(D) संपर्क भाषा

41. प्रथम राजभाषा आयोग की स्थापना हुई :

(A) 7 जून, 1955 ई.

(B) 15 जुलाई, 1957 ई.

(C) 8 अगस्त, 1955 ई.

(D) 26 नवम्बर, 1967 ई.

42. संसदीय राजभाषा समिति का गठन कब किया गया ?

(A) 1959

(B) 1969

(C) 1976

(D) 1971

43. अठारहवीं शताब्दी के पूर्व ही उत्तर भारत की सम्पर्क भाषा बन चुकी थी :

(A) खड़ी बोली हिन्दी

(B) ब्रजभाषा

(C) अवधी

(D) बुंदेली

44. हिन्दी भाषा के मानकीकरण के सन्दर्भ में ***असत्य*** कथन है :

(A) भारतेंदु हरिश्चंद्र ने खड़ी बोली को व्यावहारिक रूप प्रदान करने का प्रयास किया।

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी का लेखन तथा उच्चारण की शुद्धता के प्रति आग्रह नहीं था।

(C) हिन्दी भाषा के मानकीकरण की दृष्टि से द्विवेदी युग सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण था।

(D) राजा शिवप्रसाद सितारे हिन्द ने अरबी-फ़ारसी शब्दों को हिन्दी भाषा से पृथक दिखाने के लिए क़ ख़ ज़ फ़ ध्वनियों के नीचे नुक्ता लगाने की परम्परा आरंभ की।

45. सर्वप्रथम नागरी टाइप फाउण्ड्री कहाँ स्थापित हुई ?

(A) मुम्बई

(B) कोलकाता

(C) श्रीरामपुर

(D) दिल्ली

46. किसी बोली को जब व्याकरण से परिष्कृत किया जाता है, तब वह बन जाती है :

(A) संपर्क भाषा

(B) माध्यम भाषा

(C) परिनिष्ठित भाषा

(D) राष्ट्रभाषा

47. भारत की प्राचीन लिपि है :

(A) ब्राह्मी

(B) खरोष्ठी

(C) असमी

(D) सुमेरी

48. निम्नलिखित कथनों में से ***असत्य*** कथन छाँटिए :

(A) भाषा स्थान और समय की सीमाओं से मुक्त रहती है।

(B) भाषा में उच्चरित ध्वनि संकेत रहते हैं।

(C) भाषा उच्चरित ध्वनियों के माध्यम से भावों और विचारों को व्यक्त करती है।

(D) भाषा का संबंध श्रवणेन्द्रिय से रहता है।

49. उपराष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन् के सभापतित्व में एक सभा लिपि-सुधार के उद्देश्य से कब हुई थी ?

(A) सन् 1950

(B) सन् 1942

(C) सन् 1955

(D) सन् 1947

50. निम्नलिखित कथनों को उनके सिद्धांतों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | कथन | | सिद्धांत |
|---|---|---|---|
| (i) | काव्य-शैली की बाह्य साज-सज्जा | 1. | वक्रोक्ति |
| (ii) | काव्य के स्वाभाविक गुण – शुद्धता, संक्षिप्तता, स्पष्टता, आदि | 2. | ध्वनि |
| (iii) | अर्थ की व्यंग्यात्मकता | 3. | अलंकार |
| (iv) | अर्थ की लाक्षणिकता | 4. | रीति |

(A) (i)-3, (ii)-2, (iii)-4, (iv)-1
(B) (i)-3, (ii)-4, (iii)-2, (iv)-1
(C) (i)-3, (ii)-4, (iii)-1, (iv)-2
(D) (i)-3, (ii)-2, (iii)-1, (iv)-4

51. गणपति चन्द्र गुप्त के अनुसार रूपवादी सिद्धांतों में काव्य के रूप को आकर्षक बनाने के लिए कितनी विधियों पर प्रकाश डाला गया है ?
(A) दो
(B) चार
(C) पाँच
(D) एक

52. "नेह न नैननि को कछु उपजी बड़ी बलाय।
नीर भरे नित प्रति रहैं, तऊ न प्यास बुझाय ।।"
इन पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?
(A) विभावना
(B) दृष्टान्त
(C) विशेषोक्ति
(D) अत्युक्ति

53. कौन-सा विकल्प असंगत है ?
(A) काव्यसिद्धान्त – सूरति मिश्र
(B) रस पीयूष निधि – सोमनाथ
(C) काव्यसरोज – श्रीपति
(D) कविकल्पद्रुम – कुमार मणिभट्ट

54. "नैसर्गिकी च प्रतिभा श्रुतं च बहुनिर्मलम्।
अमन्दाश्चाभि योगोऽस्याः कारणं काव्य संपदः ।।"
काव्य-हेतु की यह परिभाषा किस आचार्य ने दी है ?
(A) आचार्य भामह
(B) आचार्य वामन
(C) आचार्य दण्डी
(D) आचार्य रुद्रट

55. "रस लौकिक जीवन की प्रत्यक्ष अनुभूतियों से भिन्न कोटि की अनुभूति है" किस आचार्य के द्वारा यह स्थापना दी गई है ?
(A) भट्टलोलट्ट – उत्पत्तिवाद
(B) भट्टनायक – साधारणीकरण (भावकत्व एवं भोजकत्व)
(C) शंकुक – न्यायशास्त्र (अनुमितिवाद)
(D) अभिनवगुप्त – अभिव्यक्तिवाद

56. सुमेलित कीजिए :

| | ग्रन्थ | | ग्रन्थकार |
|---|---|---|---|
| (i) | काव्यमीमांसा | 1. | भोजराज |
| (ii) | काव्यदर्पण | 2. | रामदहिन मिश्र |
| (iii) | काव्यालंकार सूत्रवृत्ति | 3. | वामन |
| (iv) | श्रृंगार प्रकाश | 4. | राजशेखर |

(A) (i)-2, (ii)-4, (iii)-3, (iv)-1
(B) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4
(C) (i)-1, (ii)-4, (iii)-3, (iv)-2
(D) (i)-4, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-1

57. 'फबतियाँ और फटकार इनकी कविताओं की एक विशेषता है।' आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का यह कथन किस कवि के संदर्भ में है ?

(A) रामनरेश त्रिपाठी

(B) रूपनारायण पाण्डेय

(C) गिरिधर शर्मा नवरत्न

(D) नाथूराम शंकर शर्मा

58. "संगीत को काव्य के और काव्य को संगीत के अधिक निकट लाने का सबसे अधिक प्रयास निराला जी ने किया है।" यह कथन किस आलोचक का है ?

(A) रामविलास शर्मा

(B) महादेवी वर्मा

(C) रामचंद्र शुक्ल

(D) परमानन्द श्रीवास्तव

59. ' 'भारत भारती' में कवि ने अपनी राष्ट्रीय भावना की एक रूपरेखा प्रस्तुत की है, तो 'साकेत' में अपनी भक्ति-भावना की।' मैथिलीशरण गुप्त के संदर्भ में यह कथन किस आलोचक का है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) रामस्वरूप चतुर्वेदी

(C) डॉ. नगेन्द्र

(D) बच्चन सिंह

60. कविता और उसके रचयिता-कवि की दृष्टि से कौन-सा युग्म सुमेलित ***नहीं*** है ?

(A) कमल के फूल – भवानी प्रसाद मिश्र

(B) केसर रंग रँगे आँगन – शकुन्त माथुर

(C) घिर गया है समय का रथ – शमशेर बहादुर सिंह

(D) कविता की मौत – रघुवीर सहाय

61. नई कविता के संदर्भ में ***असत्य*** कथन है ?

(A) बौद्धिकता का आग्रह

(B) परम्परा की नई व्याख्या

(C) भाषा का नया प्रयोग

(D) आदर्शवादी पुरातन मानवीय मूल्य

62. राम-रावण के अपराजेय युद्ध का वर्णन वाल्मीकि-रामायण के युद्धकाण्ड के किस सर्ग को आधार बनाकर 'राम की शक्ति पूजा' की रचना निराला ने अपनी सघन शैली में अत्यन्त संक्षिप्त रूप से प्रस्तुत कर दिया है ?

(A) सर्ग 101 से 108 तक

(B) सर्ग 101 से 111 तक

(C) सर्ग 102 से 108 तक

(D) सर्ग 105 से 108 तक

63. अनुक्रम की दृष्टि से 'परशुराम की प्रतीक्षा' काव्य संग्रह का कविता क्रम सही है :

(A) परशुराम की प्रतीक्षा, जवानियाँ, हिम्मत की रोशनी, लोहे के मर्द।

(B) जवानियाँ, परशुराम की प्रतीक्षा, लोहे के मर्द, हिम्मत की रोशनी।

(C) हिम्मत की रोशनी, परशुराम की प्रतीक्षा, जवानियाँ, लोहे के मर्द।

(D) लोहे के मर्द, जवानियाँ, हिम्मत की रोशनी, परशुराम की प्रतीक्षा।

64. 'कामायनी' की समीक्षा से संबंधित 'दोष रहित, दूषण सहित' शीर्षक निबंध किसका है ?

(A) नन्द दुलारे वाजपेयी

(B) डॉ. नगेन्द्र

(C) मुक्तिबोध

(D) रामधारी सिंह दिनकर

65. 'प्रसाद और निराला के बीच कुछ वैसा रिश्ता है जैसा इतिहास में परंपरा और विद्रोह के बीच होना चाहिए।' यह कथन किस आलोचक का है ?

(A) रामविलास शर्मा

(B) नामवर सिंह

(C) रामस्वरूप चतुर्वेदी

(D) बच्चन सिंह

66. बाबा स्वाँग में दर्शक होते हैं :
(A) पुरुष
(B) बच्चे
(C) स्त्री
(D) पुरुष और बच्चे दोनों

67. पारम्परिक लोकगीत 'गोटे' को गाने में वाद्ययंत्र का प्रयोग होता है :
(A) ढाँक
(B) रामतूला
(C) बाँसुरी
(D) एकतारा

68. 'चित्रा गोहूँ, अद्रा धान' कहावत का संकेत है :
(A) बीज किस ज़मीन पर बोना चाहिए
(B) बीज कितने फ़ासले पर बोना चाहिए
(C) बीज किस नक्षत्र में बोना चाहिए
(D) इनमें से कोई नहीं

69. "मुक्तिबोध का काव्य-संकलन 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' एक बड़े कलाकार की 'स्कैच बुक' लगती है।" – यह किस आलोचक का कथन है ?
(A) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(B) शमशेर बहादुर सिंह
(C) रामविलास शर्मा
(D) नामवर सिंह

70. 'बहिन की कजरियों' के लिए भाई का संघर्ष अंचल का लोकादर्श है :
(A) बुन्देलखण्ड
(B) निमाड़
(C) बघेलखण्ड
(D) मालवा

71. माखनलाल चतुर्वेदी किस उपनाम से ***नहीं*** लिखते थे ?
(A) सशष
(B) क्षत्रज्ञ
(C) उमाकांत
(D) एक भारतीय आत्मा

72. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

| | रचना | | प्रकाशन वर्ष |
|---|---|---|---|
| (i) | हिमकिरीटिनी | 1. | 1960 |
| (ii) | वेणु लो, गूँजे धरा | 2. | 1943 |
| (iii) | मरण ज्वार | 3. | 1949 |
| (iv) | हिम तरंगिनी | 4. | 1963 |

(A) (i)-2, (ii)-1, (iii)-4, (iv)-3
(B) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4
(C) (i)-1, (ii)-3, (iii)-4, (iv)-2
(D) (i)-3, (ii)-4, (iii)-2, (iv)-1

73. रमेशचन्द्र शाह की डायरी 'अकेला मेला' के आरंभिक अंश किस पत्रिका में प्रकाशित हुए ?
(A) वसुधा
(B) नवनीत
(C) वागर्थ
(D) अक्षर पर्व

74. मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित पत्रिका है :
(A) साक्षात्कार
(B) मधुमती
(C) अक्षरा
(D) देवपुत्र

75. मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी की स्थापना कब की गई थी ?

(A) 1969 ई.

(B) 1966 ई.

(C) 1970 ई.

(D) 1968 ई.

76. 'जीप पर सवार इल्लियाँ' व्यंग्य की विषय-वस्तु है :

(A) बुद्धिजीवियों की कायरता

(B) साहित्य के प्रति छल-छद्म

(C) आपातकाल का विरोध

(D) सरकारी तन्त्र और सुविधा का दुरुपयोग

77. जवाहरलाल नेहरू के निधन पर मर्माहत होकर शिवमंगल सिंह 'सुमन' ने कौन-सी कविता लिखी थी ?

(A) मिट्टी की बारात

(B) पर आँखें भरी नहीं

(C) तूफ़ानों की ओर घुमा दो नाविक

(D) विश्वास बढ़ता ही गया

78. 'झांसी की रानी' कविता सुभद्रा कुमारी चौहान के किस संग्रह में संकलित है ?

(A) त्रिधारा

(B) मुकुल

(C) बिखरे मोती

(D) झांसी की रानी

79. शिवमंगल सिंह 'सुमन' की काव्य-पंक्ति और कविता का कौन-सा युग्म असंगत है ?

(A) सृष्टि की वृष्टि में / विकार नहीं होता प्रिय / श्रद्धा समर्पित सदा होती / सर्वहारा को – मिट्टी की बारात

(B) खीलें लुटती, पुष्प समर्पण / सारा राष्ट्र कर रहा परछन / युग देवता लिवाने आया – जीवन के गान

(C) सीमित उर में चिर असीम / सौन्दर्य समा न सका – पर आँखें भरी नहीं

(D) मिट्टी के पुतले मानव ने / कभी न मानी हार – तूफ़ानों की ओर घुमा दो नाविक

80. "वृच्छ अनंत सुनीर वहंत सु सुंदर संत विराजै तहीं तें।
नित्य सुकाल पड़े न दुकाल सु मालव देश भलो सबहीं तें ।।"
मालवा क्षेत्र की प्रशंसा पर आधारित यह पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) संत पीपा

(B) संत सिंगा जी

(C) संत सुंदरदास

(D) नरहरि पटेल

81. "अति प्रफुल्लित कण्टकित तन-मन वही
करता रहा अनुभव कि नभ ने भी
विनत हो मान ली है श्रेष्ठता उसकी।"
यह पंक्ति किस कविता से उद्धृत है ?

(A) भूल गलती

(B) असाध्यवीणा

(C) ब्रह्मराक्षस

(D) अँधेरे में

82. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

| | रचनाकार | | जन्म स्थान |
|---|---|---|---|
| (i) | चन्द्रकांत देवताले | 1. | श्योपुर (ग्वालियर) |
| (ii) | गजानन माधव 'मुक्तिबोध' | 2. | बैतूल जिले (जौल खेड़ा) |
| (iii) | हरिशंकर परसाई | 3. | मंदसौर |
| (iv) | मन्नू भंडारी | 4. | होशंगाबाद |

(A) (i)-1, (ii)-3, (iii)-2, (iv)-4

(B) (i)-2, (ii)-1, (iii)-4, (iv)-3

(C) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4

(D) (i)-4, (ii)-3, (iii)-2, (iv)-1

83. भवानी प्रसाद मिश्र की किस कविता में एक राजा और रानी की मार्मिक कथा प्रस्तुत की गई है ?

(A) सतपुड़ा के जंगल

(B) गीत फरोश

(C) सन्नाटा

(D) बुनी हुई रस्सी

84. 'जाति वानर लंकनायक-दूत अंगद नाम है।' 'रामचंद्रिका' में यह कथन किसने-किससे कहा ?

(A) रावण ने विभीषण से

(B) अंगद ने रावण से

(C) रावण ने हनुमान से

(D) सुग्रीव ने अंगद से

85. रीतिकाल में लोकोक्तियों का मधुर उपयोग किस कवि ने किया है ?

(A) ठाकुर बुंदेलखण्डी

(B) सम्मन

(C) खुमान

(D) ललकदास

86. 'ग्रीषम की गजब धुकी है धूप धाम धाम,
गरमी झुकी है जाम जाम अति तापिनी।'
इन पंक्तियों के रचयिता हैं :

(A) दत्त

(B) बैरीसाल

(C) ग्वाल कवि

(D) रतनकवि

87. "रीतिकाल के कवि ऐकांतिक श्रृंगारी नहीं हैं। उनकी रचना में गृहस्थी का भरपूर रस है।" यह कथन किस आलोचक का है ?

(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(C) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(D) डॉ. नगेन्द्र

88. 'यूरोपीय महाद्वीप में बिहारी सतसई के समकक्ष कोई रचना नहीं है।' यह कथन किस विद्वान का है ?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) डॉ. नगेन्द्र

(C) ग्रियर्सन

(D) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

89. इच्छा दै अच्छरनि सिषिय ब्रज माह बसाइय,
बाल विलास दिपाइ रास रस रंग रमाइय।
किस कवि की पंक्तियाँ हैं ?

(A) महाराजा छत्रसाल

(B) श्रीधर

(C) भगवान हित

(D) कुलपति मिश्र

90. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने सूफ़ी प्रेमाख्यानक काव्य परंपरा की प्रथम रचना किसे माना है ?

(A) चंदायन

(B) सत्यवती कथा

(C) मृगावती

(D) हंसावली

91. 'श्रृंगार और वात्सल्य के क्षेत्र में इस महाकवि ने मानो औरों के लिए कुछ छोड़ा ही नहीं।' आचार्य शुक्ल ने यह विचार किस कवि के लिए व्यक्त किया था ?

(A) रसखान

(B) मीरा

(C) सूरदास

(D) घनानन्द

92. राधावल्लभी संप्रदाय की स्थापना किसने की थी ?

(A) हितहरिवंश

(B) निम्बार्काचार्य

(C) बल्लभाचार्य

(D) रामानंद

93. 'दीन्हो कुज्वाब दिलीपति को अरु कीन्हों
वजीरन को मुँह कारो;
नायो न माथहि दक्खिन नाथ न
साथ मैं सैन न हाथ हथ्यारो'
किस कवि की पंक्तियाँ हैं ?

(A) देव

(B) भूषण

(C) मतिराम

(D) चिंतामणि

94. 'प्रतीकवाद' के संबंध में असंगत युग्म है :

(A) प्रतीकवाद – बादलेयर
(B) आध्यात्मिक प्रतीकवाद – आचार्य शुक्ल
(C) साहित्यिक प्रतीक – डॉ. नगेन्द्र
(D) प्रतीकवादी आंदोलन – पूर्ण सिंह

95. 'सतपुड़ा के जंगल' कविता में किस जनजाति का वर्णन मिलता है ?

(A) भील जनजाति
(B) गोंड जनजाति
(C) मुड़िया जनजाति
(D) संथाल जनजाति

96. टी.एस. इलियट ने परंपरा संबंधी सिद्धांत के संबंध में किस धारणा का खंडन किया है ?

(A) काव्य में परंपरा की अपेक्षा कवि की वैयक्तिक प्रतिभा का अधिक महत्त्व होता है।
(B) कविता को व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति मानना अनुचित है।
(C) परंपरा से तात्पर्य है – पूर्ववर्ती इतिहास का बोध।
(D) परंपरा का संबंध प्रत्येक जाति की संस्कृति, धर्म, दर्शन एवं जीवन दृष्टि से है।

97. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन फैंटेसी के संबंध में ***असत्य*** है ?

(A) मुक्तिबोध की फैंटेसी सामूहिक अवचेतन को प्रकाशित नहीं करती है।
(B) फैंटेसी मनोविज्ञान का शब्द है।
(C) इसका संबंध स्वप्न और अवचेतन मन में घटित होने वाली घटनाओं की विघटित और बेतरतीब बिम्बावलियों से है।
(D) फ्रायड के अनुसार – "स्वप्नगत फैंटेसी जीवनगत अनुभवों का विघटित रूपांकन है।

98. अनुकरण के संबंध में ***ग़लत*** कथन छाँटिए :

(A) अरस्तु ने कलाकार की तरह ही कवि को भी अनुकर्ता माना।
(B) अनुकरण तो उसी वस्तु का होता है जिसकी सत्ता थी या है।
(C) कलाकार वस्तु सत्ता के अभाव में भी कल्पना के द्वारा कलाकृति की सृष्टि कर सकता है।
(D) अनुकरण दृश्य वस्तु जगत् की स्थूल अनुकृति है।

99. आचार्य कुन्तक ने वक्रोक्ति के कितने भेद माने हैं ?

(A) 4
(B) 10
(C) 8
(D) 6

100. 'कल्पना' को कॉलरिज ने क्या माना है ?

(A) प्राकृतिक शक्ति
(B) मानवीय शक्ति
(C) पैतृक शक्ति
(D) ईश्वरीय शक्ति

101. लोंजाइनस के अनुसार उदात्त के अवरोधक तत्त्वों में से कौन-सा ***नहीं*** है ?

(A) शब्दाडंबर
(B) भावाडंबर
(C) वागाडंबर
(D) बालिशता

102. आनन्दवर्धन ने काव्य-गुणों की संख्या कितनी मानी है ?

(A) 10
(B) 5
(C) 4
(D) 3

103. प्रसिद्ध लोकगाथा 'आल्हा' बुन्देली की किस उपबोली में लिखी गई है ?

(A) बनाफरी

(B) अहीरवाटी

(C) बघेलखंडी

(D) मालवी

104. 1845 में प्रकाशित 'बनारस अख़बार' के संपादक कौन थे ?

(A) राजा शिव प्रसाद

(B) तारा मोहन मित्र

(C) मुंशी सदासुख लाल

(D) मथुरा दास

105. प्रसिद्ध ग्रंथ 'वज्जालग्ग' किससे संबंधित है ?

(A) शौरसेनी

(B) पैशाची

(C) महाराष्ट्री

(D) अर्धमागधी

106. सबल सिंह किस बोली के कवि हैं ?

(A) बुंदेली

(B) बघेली

(C) अवधी

(D) मैथिली

107. 'शाकारी' किसकी उपबोली है ?

(A) अर्धमागधी

(B) मागधी

(C) शौरसेनी

(D) व्राचड़

108. सत्रहवीं शती में मार्कण्डेय ने अपभ्रंश के कितने भेद बताए ?

(A) 30

(B) 25

(C) 37

(D) 27

109. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | रानी केतकी की कहानी | 1. | सदल मिश्र |
| (ii) | प्रेम सागर | 2. | इंशा अल्ला खाँ |
| (iii) | नासिकेतोपाख्यान | 3. | भारतेन्दु हरिश्चन्द्र |
| (iv) | विषस्य विषमौषधम् | 4. | लल्लूलाल |

(A) (i)-2, (ii)-4, (iii)-1, (iv)-3

(B) (i)-3, (ii)-2, (iii)-1, (iv)-4

(C) (i)-1, (ii)-3, (iii)-2, (iv)-4

(D) (i)-4, (ii)-1, (iii)-3, (iv)-2

110. 'दक्खिनी हिन्दी' के नाम से विख्यात हुई :

(A) उर्दू

(B) देहलवी

(C) आर्यभाषा

(D) हिन्दवी

111. महावीर प्रसाद द्विवेदी 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक कब नियुक्त हुए ?

(A) सन् 1900

(B) सन् 1902

(C) सन् 1905

(D) सन् 1903

112. '1873 ई. में हिन्दी नई चाल में नहीं ढली।' उक्त मत किसका है ?

(A) शिव सिंह चौहान

(B) नामवर सिंह

(C) रामविलास शर्मा

(D) नन्द दुलारे वाजपेयी

113. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा ने प्रकाशन विभाग कब स्थापित किया ?

(A) सन् 1938

(B) सन् 1942

(C) सन् 1950

(D) सन् 1947

114. 'भाषा-बरनन में प्रथम, तुक चाहिए बिसेषि।
उत्तम मध्यम अधम सो, तीन भाँति को लेखि ॥'
'तुक' के संदर्भ में यह किस कवि की पंक्तियाँ हैं ?
(A) देव
(B) बिहारी
(C) घनानन्द
(D) भिखारीदास

115. 'नेवाज' किस राजा के आश्रित कवि थे ?
(A) प्रताप सिंह
(B) छत्रसाल
(C) मुअज्जम
(D) विक्रम सिंह

116. घनानन्द ने किस सम्प्रदाय में दीक्षा ली थी ?
(A) निम्बार्क
(B) राधावल्लभ
(C) हरिदासी
(D) पुष्टिमार्ग

117. श्रीधर पाठक ने 'श्रांत पथिक' की रचना किस छंद में की थी ?
(A) दोहा
(B) सोरठा
(C) रोला
(D) कुंडलिया

118. 'यह ब्यारि तबै बदलैगी कछू पपिहा जब पूछिहै 'पीव कहाँ ?'
इस काव्य-पंक्ति का रचयिता कौन है ?
(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(B) प्रतापनारायण मिश्र
(C) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(D) श्रीधर पाठक

119. भारतेन्दु युगीन कौन-सा कवि 'भूप' उपनाम से कविता लिखता था ?
(A) लाला सीताराम
(B) राय देवीप्रसाद 'पूर्ण'
(C) श्री वियोगी हरि
(D) ठाकुर जगमोहन सिंह

120. 'विरहवारीश' नामक कृति के रचयिता कौन हैं ?
(A) घनानन्द
(B) आलम
(C) ठाकुर
(D) बोधा

121. नेहु न, नैननु, कौं कछू, उपजी बड़ी बलाइ।
नीर-भरे नित प्रति रहैं, तऊ न प्यास बुझाई ॥
इन काव्य पंक्तियों के रचनाकार हैं :
(A) पद्माकर
(B) भिखारीदास
(C) बिहारी
(D) मतिराम

122. बच्चन सिंह ने रीतिकाव्य परंपरा का आरंभ किस कवि से माना है ?
(A) केशवदास
(B) बिहारी
(C) चिंतामणि
(D) सेनापति

123. "राधा मोहनलाल कौ जिन्हें न भावत नेह।
परियो मुठी हज़ार दस, तिनकी आँखिन खेह ॥"
यह पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?
(A) बिहारी
(B) घनानन्द
(C) मतिराम
(D) बोधा

124. भरतपुर के जाट राजाओं की वीरता का वर्णन किस काव्य ग्रंथ में मिलता है ?
(A) माधवानल कामकंदला
(B) सुजान चरित
(C) चेत चंद्रिका
(D) रामाश्वमेध

125. 'ग्रियर्सन की दूसरी विशेषता यह है कि उन्होंने अपने ग्रंथ के आधार स्रोत के रूप में तासी एवं शिवसिंह सेंगर के ग्रंथों के अतिरिक्त भक्तमाल, गोसाईंचरित्र, हज़ारा, काव्य-संग्रह आदि सत्रह रचनाओं का उल्लेख करते हुए स्थान-स्थान पर मूलाधारों के संदर्भ-संकेत भी दिए हैं।' यह कथन किस इतिहासकार का है ?

(A) रामकुमार वर्मा

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) डॉ. नगेन्द्र

126. 'इस्त्वार द ला लितरेत्युर ऐन्दुई ऐ ऐन्दुस्तानी' इतिहास ग्रंथ का दूसरा संस्करण कब प्रकाशित हुआ ?

(A) 1871 ई.

(B) 1847 ई.

(C) 1868 ई.

(D) 1863 ई.

127. 'पीतांबरदत्त बड़थ्वाल रचना-संचयन' का चयन एवं संपादन किसने किया है ?

(A) विष्णुदत्त राकेश

(B) मोहन राकेश

(C) नामवर सिंह

(D) भगीरथ मिश्र

128. 'अनेक कवियों के काव्य-सौंदर्य का आख्यान करते समय लेखक की लेखनी काव्यमय हो उठी है, जो कि डॉ. वर्मा के कवि पक्ष का संकेत देती है।' डॉ. रामकुमार वर्मा के संबंध में यह कथन किस इतिहासकार का है ?

(A) डॉ. बच्चन सिंह

(B) डॉ. नगेन्द्र

(C) डॉ. नामवर सिंह

(D) डॉ. वशिष्ठ अनूप

129. आलवार भक्तों के गीत किस भाषा में हैं ?

(A) तमिल

(B) तेलुगु

(C) कन्नड़

(D) मलयालम

130. संवत् 1050 से लेकर संवत् 1375 तक आदिकाल की सीमा मानने वाले विद्वान हैं :

(A) गार्सा दा तासी

(B) गणपति चन्द्र गुप्त

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

131. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | इतिहास | इतिहासकार |
|---|---|---|
| (i) | वीरकाल | 1. मौलवी करीमुद्दीन |
| (ii) | तजकिरा-ई-शुअराई | 2. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र |
| (iii) | संधि-काल एवं चारण-काल | 3. ग्रियर्सन |
| (iv) | चारण-काल | 4. रामकुमार वर्मा |

(A) (i)-2, (ii)-1, (iii)-4, (iv)-3

(B) (i)-2, (ii)-4, (iii)-3, (iv)-1

(C) (i)-4, (ii)-3, (iii)-1, (iv)-2

(D) (i)-3, (ii)-2, (iii)-1, (iv)-4

132. 'मेरे साथी दुइ जना इक वैष्णव इक राम,
वो है दाता मुकुति का वो सुमिरावै राम।'
उक्त पद किस संत कवि का है ?

(A) नामदेव

(B) कबीर

(C) दादू

(D) रैदास

133. 'तुझको अपनी
घोरतम निराशा से ही बल लेना होगा।
मृत संस्कारों से अपना जीवन खाली कर
उस खाली-पन को नया मर्म देना होगा।'
उपर्युक्त पंक्तियाँ आत्मजयी के किस अंश की हैं ?
(A) भविष्य-बोध
(B) श्रेष्ठ का वरण
(C) सारथी बुद्धि
(D) आत्मशक्ति

134. प्रकाशन की दृष्टि से निम्नलिखित काव्य-रचनाओं का सही क्रम कौन-सा है ?
(A) कितनी नावों में कितनी बार, आँगन के पार द्वार, क्योंकि मैं उसे जानता हूँ, पहले मैं सन्नाटा बुनता हूँ।
(B) आँगन के पार द्वार, कितनी नावों में कितनी बार, क्योंकि मैं उसे जानता हूँ, पहले मैं सन्नाटा बुनता हूँ।
(C) आँगन के पार द्वार, कितनी नावों में कितनी बार, पहले मैं सन्नाटा बुनता हूँ, क्योंकि मैं उसे जानता हूँ।
(D) क्योंकि मैं उसे जानता हूँ, पहले मैं सन्नाटा बुनता हूँ, आँगन के पार द्वार, कितनी नावों में कितनी बार।

135. 'बाणभट्ट की आत्मकथा' उपन्यास कुल कितने उच्छ्वासों में विभाजित है ?
(A) उन्नीस
(B) बीस
(C) इक्कीस
(D) पैंतीस

136. निम्नलिखित में से कौन-सी कविता केदारनाथ अग्रवाल की ***नहीं*** है ?
(A) हिंदुस्तान की राजनीति
(B) पूरा हिंदुस्तान मिलेगा
(C) देश में लगी आग को
(D) मेरे देश, तुम्हारी छाती की मिट्टी मैं हो जाऊँगा

137. "........... नहीं भाई, पाप-पुण्य की समीक्षा मुझसे न होगी। जज हूँ, कानून की तराजू की मर्यादा जानता हूँ।" यह कथन किस कृति की कथावस्तु से संबंधित है ?
(A) अरे यायावर रहेगा याद
(B) चित्रलेखा
(C) त्यागपत्र
(D) एक लंबी कविता का अंत

138. "मेरा मन कहता है कि कालिदास भी तुकाराम थे, तुक मिलाने के मौजी वाग्विलासी।" प्रस्तुत वाक्य किस निबंध से उद्धृत है ?
(A) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है
(B) मेरी असफलताएँ
(C) करुणा
(D) देवदारू

139. 'बसंती' निम्नलिखित में से किस कहानी की स्त्री-पात्र है ?
(A) वापसी
(B) खोई हुई दिशाएँ
(C) परिन्दे
(D) तीसरी कसम

140. "इसकी घटनाएँ ही बोल रही हैं, पात्रों के बोलने की अपेक्षा नहीं।" आचार्य रामचंद्र शुक्ल का यह विचार किस कहानी के संदर्भ में है ?
(A) नशा
(B) पुरस्कार
(C) कानों में कंगना
(D) उसने कहा था

141. निम्नलिखित में से सही युग्म का चयन कीजिए :
(A) सचेतन कहानी – अमृतराय
(B) सहज कहानी – महीपसिंह
(C) समांतर कहानी – कमलेश्वर
(D) सक्रिय कहानी – गंगा प्रसाद 'विमल'

142. "यद्यपि साहित्य के मौलिक प्रतिमान अधिक नहीं बदलते, फिर भी बदलते हुए युग-बोध के कारण परिप्रेक्ष्य, प्रविधि-प्रक्रिया आदि में परिवर्तन निश्चय ही होता है ।" यह किसका कथन है ?

(A) डॉ. नगेंद्र

(B) डॉ. रामकुमार वर्मा

(C) डॉ. बच्चन सिंह

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

143. 'जबकि प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिम्ब होता है, तब यह निश्चित है कि जनता की चित्तवृत्ति में परिवर्तन के साथ-साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है । ...' प्रस्तुत पंक्तियाँ किस इतिहासकार की हैं ?

(A) डॉ. नगेन्द्र

(B) रामकुमार वर्मा

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

144. बाबू श्यामसुंदर दास लिखित 'हिन्दी भाषा और साहित्य' पुस्तक कितने अध्यायों में विभक्त है ?

(A) बारह

(B) सोलह

(C) दस

(D) आठ

145. सन् 1970 ई. में लिखित 'हिन्दी साहित्य का अद्यतन इतिहास' पुस्तक के लेखक हैं :

(A) डॉ. विजयपाल सिंह

(B) डॉ. मोहन अवस्थी

(C) डॉ. सूर्यकान्त शास्त्री

(D) श्री कृष्णलाल

146. सन् 1888 में एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल की पत्रिका के विशेषांक के रूप में किस इतिहास ग्रंथ का प्रकाशन हुआ था ?

(A) शिवसिंह सरोज

(B) द मॉडर्न वर्नेक्युलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान

(C) इस्त्वार द ला लितरेत्युर ऐन्दुई ऐ ऐन्दुस्तानी

(D) कालिदास हजारा

147. 'बीसलदेव रासो' की रचना कितने खंडों/सर्गों में हुई है ?

(A) छह

(B) तीन

(C) पाँच

(D) चार

148. 'आल्ह खण्ड' का संबंध किस रासो-ग्रन्थ से है ?

(A) पृथ्वीराज रासो

(B) खुमाण रासो

(C) परमाल रासो

(D) हम्मीर रासो

149. "इनमें उक्तिवैचित्र्य की प्रधानता थी, यद्यपि कुछ रसीले गीत और दोहे भी इन्होंने कहे हैं ।" यह कथन रामचंद्र शुक्ल ने किसके संदर्भ में कहा है ?

(A) मतिराम

(B) बिहारी

(C) खुसरो

(D) सूरदास

150. "सिद्धों की कविता जनता की भाषा से सम्बन्ध रखती थी अतएव साहित्य क्षेत्र में वह उपेक्षा की दृष्टि से देखी गई ।" यह कथन किस आलोचक का है ?

(A) राहुल सांकृत्यायन

(B) पीतांबरदत्त बड़थ्वाल

(C) धर्मवीर भारती

(D) रामकुमार वर्मा

## रफ़ कार्य के लिए स्थान

## SPACE FOR ROUGH WORK

## रफ़ कार्य के लिए स्थान
## SPACE FOR ROUGH WORK

5211669

## रफ़ कार्य के लिए स्थान
## SPACE FOR ROUGH WORK